## मेष



**01 से 06 फरवरी तक-** शांत मन से अपने सिद्धान्तों का विश्लेषण कर उचित परिवर्तन करें। मौसम के अनुसार आहार सेवन करें व पर्याप्त मात्रा में पानी जरूर पियें। घर में कोई घरेलु कार्य में व्यस्त रहेंगे। **शत्रु** सक्रीय रहेंगे, प्रतिकूल फल प्राप्त हो सकता है, सतर्क रहे। कोई बुरी आदत को त्याग करने व सम्मोहनीय व्यक्तित्व प्राप्त करने की कोशिश करेंगे पर असफल होंगे। आप **स्वसम्मोहन दीक्षा** ग्रहण करे, सफल होंगे।

**न्यौछावर ₹ 1600**

**07 से 13 फरवरी तक-** समय लक्षयदायक है। कोई पुराना फंसा हुआ धन इस समय प्राप्त होगा। परिवार के साथ शिव जी के दर्शन करेंगे। आप योजनाबद्ध तरीके से काम करेंगे लेकिन अधिकतर समय **असफलता** ही प्राप्त होगी। सूर्य ग्रहण के प्रभाव से स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव हो सकता है। परिवार के लोगो में छोटी-मोटी विवाद संभव है।

**14 से 20 फरवरी तक-** बात करते समय सोच विचार कर बात करें। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। सरकारी काम में आ रही बाधायें समाप्त होंगी। विद्यार्थी वर्ग के लिये समय श्रेयस्कर है। कोई अज्ञात भय सतायेगा। बड़े बुजुर्गों का स्वास्थ्य को लेकर अस्पताल का चक्कर काटना पड़ सकता है। आकस्मिक धन हानि होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। आपकी आंतरिक चेतना में विकास होगा।

**21 से 28 फरवरी तक-** समय सुखपूर्वक रहेगा। व्यवसाय में **लाभ** की प्राप्ति होगी। व्यवसाय में विकास हेतु कोई नई मशीन आदि खरीद सकते हैं। कर्मचारियों के साथ अच्छा ताल-मेल बिठायेंगे साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को ऋण की व्यवस्था बनायेंगे।

**शुभ तिथियां 14,19,23,24**

## वृष



**01 से 06 फरवरी तक-** मास की शुरूआत शुभदायक रहेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे आपके उन्नति का मार्ग खुलेगा। शांतिदायक दिन रहेगा। सूर्य ग्रहण के प्रभाव से कभी-कभी मानसिक तनाव हावी हो सकता है। देह कष्ट या दुर्घटना की संभावना है, वाहन चलाते समय सतर्क रहें। **जगदम्बा रक्षा कवच** धारण करें। **न्यौछावर ₹ 360**

**07 से 13 फरवरी तक-** आप किसी साजिश, षड्यंत्र या गुप्त योजना के शिकार होंगे। हाथ में पैसा आता-आता रूक जायेगा। आर्थिक परेशानी रहेगी। घर में भी **कलहपूर्ण** वातावरण रहेगा। गलतफहमियों से मन उदास रहेगा। किसी अंजान व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें नुकसान हो सकता है। जमीन-जायदाद संबंधी समस्या किसी मध्यस्थता से सुलझ सकता है। आपके लिये **स्वर्णाकर्षण भैरव दीक्षा** उपयुक्त रहेगा। **न्यौछावर ₹ 1800**

**14 से 20 फरवरी तक-** रोजी-रोजगार में अनावश्यक **बाधायें** आयेगी। अधिकार करने की प्रवृति अधिक रहेगी। उच्च अध्ययन, अनुसंधान व शोध आदि में व्यस्तता रहेगी। आपका पूरा ध्यान व्यवसाय पर रहेगा। कोई एक बड़ा सौदा प्राप्त हो सकता है। नौकरी पेशा वर्ग के लिये उन्नति प्राप्त करने का मौका मिलेगा। ग्राहकों को संतुष्ट करने के लिये नयी योजना बनायेंगे। परिवार के लिये समय निकालना मुश्किल हो सकता है।

**21 से 28 फरवरी तक-** धन आगमन होगा पर स्थायी रूप में नहीं रह पायेगा। सहकर्मी से जो मनमुटाव था वह समाप्त होगा। मन में सुकून मिलेगा। लम्बे समय से अटके हुये काम इस समय कोशिश करने पर पूरे हो जायेंगे।

**शुभ तिथियां 11,13,18,21**

## मिथुन



**01 से 06 जनवरी तक-** माह का प्रथम दिन प्रेममय रहेगा। पति-पत्नी के बीच प्रेम का भाव विद्यमान रहेगा। सास बहु के बीच कोई **गलतफहमियां** पैदा हो सकती है। काम बनता-बनता रूक व अटक जायेगा। नौकरी में पदोन्नति का योग बन रहा है। आर्थिक मामले में सतर्क रहें।

**07 से 13 जनवरी तक-** शोध, अध्ययन, अनुसंधान व सूचना के आदान-प्रदान का समय है। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। निवेश लाभदायक हो सकता है। दूसरी आय का मार्ग खुलेगा। आपकी कडी मेहनत का फल प्राप्त होगा। कोई नया कार्य शुरू करने के लिये समय उचित है। आप पूरी निष्ठा से अपने काम को पूर्णता देंगे। साझेदारी के साथ अच्छे संतुलन बिठायेंगे। अधिकारी आपके काम से संतुष्ट रहेंगे। दिन शुभदायक रहेगा।


**14 से 20 जनवरी तक-** समय आपके प्रतिकूल है। अनावश्यक कार्यों में समय व्यतीत होगा। काम का भारी दबाव आप पर बना रहेगा। आप कोई गलत निर्णय लेंगे जिससे आर्थिक रूप से भारी नुकसान हो सकता है। शत्रु आपकी परिस्थिति का पूरा फायदा उठायेंगे। मानसिक पीड़ा सतायेगी। घर में भी **कलहपूर्ण** वातावरण रहेगा। आप **ज्वाला मालिनी दीक्षा** ग्रहण करे, बाधायें भस्म हो जायेंगी।

**न्यौछावर ₹ 1600**

**21 से 28 जनवरी तक-** स्थितियों में परिवर्तन आयेगा। कुछ रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। धार्मिक गुरू व महात्माओं के दर्शनों का लाभ प्राप्त होगा। आय की तुलना में खर्च ज्यादा होगा। स्वास्थ्य संबंधी परेशानी भी कष्ट दे सकती है। आप **महाकाली साधना** सम्पन्न करें।

**साधना सामग्री न्यौछावर ₹ 480**

**शुभ तिथियां 16,18,21,25**



## कर्क

**01 से 06 फरवरी तक-** माह का आरम्भ उतना अच्छा नहीं है। आपके मन में किसी बात को लेकर डर व्याप्त रहेगा। आप अपनी भूल का खेद भी नहीं कर पायेंगे। आपको भावनाओं के तूफान में बहने से बचना होगा। आप ब्रह्माण्ड के गूढ़ रहस्यों के बारे में विचार करेंगे। आप इस समय लोगों के बीच रहने से ज्यादा किसी एकान्त स्थान में समय बिताना पसंद करेंगे।

**07 से 13 फरवरी तक-** आप धन प्राप्ति के प्रयास में सफल रहेंगे। व्यापार में अग्रसर होने का अवसर प्राप्त होगा। कोई नये मेहमान का आगमन हो सकता है। किसी समारोह में व्यस्त रहेंगे। आप हर कार्य को व्यवस्थित ढंग से करना चाहेंगे, इस हेतु पत्नी के साथ विवाद होगा। पुराना फंसा धन इस समय प्रयास करने से प्राप्त हो जायेगा। स्वस्थ शरीर हेतु जीवनशैली में योग, ध्यान आदि शामिल करें। बच्चों के साथ व्यस्थ रहेंगे।

**14 से 20 फरवरी तक-** समय आपके अनुकूल नहीं है। **शत्रु** सक्रीय रहेंगे। कोई घोर संकट की संभावना है। किसी के शब्दों के जाल में न फंसे, विश्लेषण करने के बाद ही भरोसा करें। परिवार का साथ मिलेगा। आप शिवरात्रि पर **'महाकाल महामृत्युंजय दीक्षा'** प्राप्त करें।

**न्यौछावर ₹ 1500**

**21 से 28 फरवरी तक-** श्रेष्ठ कार्यों को सम्पन्न करेंगे। पुराना रोग उबर सकता है। कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये सभी चुनौतियों का सामना करने के लिये आप तैयार रहेंगे जिससे आप उस रास्ते पर तेजी से अग्रसर होंगे। समय लाभदायक रहेगा। सरकारी निवेश के लिये समय अनुकूल है। पारिवारिक वातावरण प्रेममय रहेगा। यात्रा में अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**शुभ तिथियां 02,21,26,30**



## सिंह

**01 से 06 फरवरी तक-** यह समय लाभदायक साबित होगा। आपका पराक्रम श्रेष्ठ रहेगा। कार्य योजनायें सफल होंगी। परिश्रम का श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त होगा। धनागमन के नये साधन मिलेंगे। करियर और व्यवसाय में उन्नति होगी। मन में प्रसन्नता का भाव विद्यमान रहेगा।

**07 से 13 फरवरी तक-** आप इस समय जमीन-जायदाद का सौदा कर सकते हैं। घर के लिये कोई नवीन वस्तु खरीदेंगे। आप कार्यालय में कोई गलत निर्णय ले लेंगे जिससे उच्चाधिकारियों की डांट सुननी पड़ेगी। आपको इस समय शत्रुओं से भी बच के रहना होगा। भाइयों व परिवार से सहयोग प्राप्त होगा। किसी से साधारण विवाद हो सकता है। इस समय आप **धूमावती साधना** सम्पन्न करें, शत्रु दूर हो जायेंगे। **न्यौछावर ₹ 1500**

**14 से 20 फरवरी तक-** यह सप्ताह शानदार व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी ईश्वर में आस्था बढ़ जायेगी। अधिकारियों से मित्रता लाभप्रद रहेगी। प्रशासनिक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। आप इस समय बच्चों की जरूरतों को पूरा करेंगे।

**21 से 28 फरवरी तक-** पुरानी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। भाग्य का उदय होगा तथा मन को सुकून मिलेगा। राजनीतिज्ञों के लिये समय अनुकूल रहेगा। धन प्राप्ति का समय होगा। संपत्ति से लाभ, सुखद सूचनायें प्राप्त होंगी। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रायें सुखद होंगी। संतान द्वारा शुभ समाचार प्राप्त होगा। **खांसी, जुकाम, सिर दर्द** आदि मौसमी बिमारियां आ सकती है सतर्क रहें। अध्ययन कार्यों में रूची रहेगी। कोई मन पसंद पुस्तक भी खरीदेंगे।

**शुभ तिथियां 09,14,16,21**



## कन्या

**01 से 06 फरवरी तक-** दिन सामान्य रहेगा। शिवरात्रि के पावन अवसर पर परिवार सहित शिवजी का दर्शन कर धन्य होंगे। लम्बी दूरी की यात्रायें कष्टकारी हो सकती है। नाम व प्रसिद्धि पाने के लिये संघर्ष करना पड़ेगा। पिता के साथ किसी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, सतर्क रहें।

**07 से 13 फरवरी तक-** मानसिक शांति मिलेगी। लम्बे समय से चली आ रही समस्या दूर होगी। पति-पत्नी में सामंजस्य बनेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सम्पर्क बनेगा जिससे आपका आत्मविश्वास बढेगा। नये व्यवसायिक अनुबंधन होंगे। आप छोटी-छोटी सी बात पर किसी से उलझ पड़ेंगे। **शत्रुओं** से सतर्क रहें। कुछ नये-नये करने की प्रवृति रहेगी। मेहमानों का आगमन होगा व आप उनके स्वागत-सत्कार में व्यस्त रहेंगे।

**14 से 20 फरवरी तक-** राजकीय कार्य में सफलता प्राप्त होगी। तय किये गये लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये प्रयासरत रहेंगे। प्रेम संबंध उजागर होने की संभावना है। आप **'कृष्ण मोहिनी दीक्षा'** ग्रहण करे, परिस्थिति आपके अनुकूल निर्मित होगी। **न्यौछावर ₹ 1500**

**21 से 28 फरवरी तक-** रूका हुआ काम इस समय पूरा हो जायेगा। आप **षड्यंत्र** का शिकार हो सकते हैं। पदोन्नति में अड़चन आयेगी। कोई सरकारी विभाग का काम रूक सकता है। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। समय मिश्रित फलप्रद रहेगा। किसी पारिवारिक सदस्य से मतभेद हो सकता है। पैसा आने से पहले जाने का रास्ता तैयार रहेगा। आप **'नृसिंह दीक्षा'** ग्रहण करे, विकट परिस्थितियों से बच सकते हैं।

**न्यौछावर ₹ 1500**

**शुभ तिथियां 04,09,11,15**

## तुला



**01 से 06 फरवरी तक-** किसी यात्रा पर जा सकते है और यात्रा का फल भी प्राप्त होगा। गुरूजनों के प्रति मन में आदर का भाव रहेगा और उनकी कृपा से यश, पद, प्रतिष्ठा आदि प्राप्त करेंगे। समय आपके अनुकूल है। इस समय शुरू किया हर कार्य सफल होगा। पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**07 से 13 फरवरी तक-** समय आपके प्रतिकूल है। कार्य पूरे होने में ज्यादा समय लगेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें अन्यथा अनावश्यक खर्च आ सकता है। मेहमानों का आगमन होगा। आपकी परेशानी बढ़ जायेगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव अधिक रहेगा। जमीन-जायदाद से संबन्धित समस्या किसी मध्यस्थता से हल हो जायेंगे। निश्चित रूप से निर्णय आपके पक्ष में होने के लिये **'ब्रह्मास्त्र बगलामुखी दीक्षा'** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹2100**

**14 से 20 फरवरी तक-** इस सप्ताह आप को बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है, संयम पूर्ण निर्णय लेना हितकर होगा। व्यवसाहियों के लिये यह समय अनुकूल रहेगा। धन की वृद्धि होगी। महिलाये घरेलू कर्तव्यों का निर्वाह भलीभांति करने में सफल रहेंगी। महिलाओं के लिये यह सप्ताह अनुकूलता युक्त है। विद्यार्थी वर्ग और प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने वालों को सफलता मिल सकती है।

**21 से 28 फरवरी तक-** परिवार के लिये समय देना आपकी प्राथमिकता रहेगी। आकस्मिक धन प्राप्ति हो सकती है। सुखदायक समय व्यतीत करेंगे। आपके काम में कोई हस्तगत करना आप पसंद नहीं करेंगे। वित्तीय मामलों को लेकर आप गम्भीर रहेंगे और सफलता भी हासिल करेंगे। वाहन चलाते समय सावधानी पूर्वक चलायें अन्यथा दुर्घटना हो सकती है।

**शुभ तिथिया 02,08,13,27**

## वृश्चिक



**01 से 06 फरवरी तक-** आध्यात्मिक क्षेत्र में रूचि बढ़ेगी। परिवार के साथ शिव मन्दिर जायेंगे। आकस्मिक धन हानि होने की संभावना भी है। आप **''शिव शक्ति बाधा निवारण दीक्षा''** ग्रहण करें, परिस्थिति आपके नियंत्रण में रहेगी।

**न्यौछावर ₹ 1500**

**07 से 13 फरवरी तक-** स्वास्थ में सुधार होगा। व्यवसाय में सतर्क न रहें तो नुकसान हो सकता है। कर्मचारी पर नजर रखें। व्यापार स्थल का नवीनीकरण करने का विचार करेंगे। काम काज में अतिरिक्त जिम्मेदारियां जिससे व्यक्तिगत जीवन पर प्रभाव पड़ेगा। इस समय आपको किसी उपहार की प्राप्ति होगी। परिवार के सदस्य के लिये नये वस्त्र, आभूषण या साज-सज्जा से सम्बन्धित वस्तु की खरीददारी होगी।

**14 से 20 फरवरी तक-** आप अपने आचरण में **सकारात्मक** बदलाव लायेंगे। मौके को पहचान कर अपनी उन्नति के लिये फायदा उठायेंगे। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में नहीं लगेगा। मन और शरीर में आलस्य का भाव रहेगा। **''मेधा सरस्वती दीक्षा''** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹1600**

**21 से 28 फरवरी तक-** नये निवेश के लिये समय उचित नहीं हैं। बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंतित रहेंगे। मेहमानों का आगमन होगा। आप उनका सतकार आदि करने में व्यस्त रहेंगे। घर में उत्सवपूर्ण माहौल रहेगा। मनोरंजन, खरीददारी आदि कार्यो में अधिक धन व्यय होगा, नियंत्रण रखें। आपकी प्रतिभा में निखार आयेगा। मेहनत के अनुसार फल प्राप्त होगा। कोई उल्लेखनीय काम नहीं हो पायेगा। दैनिक कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे और आप लम्बित पड़े कार्यो को तेजी से निपटायेंगे।

**शुभ तिथियां 01,05,09,25**

## धनु



**01 से 06 फरवरी तक-** खान-पान पर ध्यान रखें अन्यथा चिकित्सालय का चक्कर काटना पड़ सकता है। निवेश अच्छी तरह से सोच-समझकर करें। प्रेम संबंधों में गलतफहमी परेशानी का कारण बनेगी। **सम्मोहन दीक्षा** ग्रहण करें अनुकूलता प्राप्त होगी।

**न्यौछावर ₹1500**

**07 से 13 फरवरी तक-** विजय सूचक दिवस रहेगा। आप अपनी मनोकामना पूर्ण कर पायेंगे। आपको सहयोगी जनों की सहायता प्राप्त होगी। जीवन के हर पहलू पर कड़ी प्रतियोगिता के कारण आप में गम्भीरता विद्यमान रहेगी। सारी रूकावटों को पार करने के बाद सफलता मिलेगी। आप इस समय स्वावलम्बी बनेंगे। अपने भविष्य के प्रति सजग रहेंगे। मेहनत थोड़ा ज्यादा ही रहेगी। किन्तु इसका फल भी आपको प्राप्त होगा।

**14 से 20 फरवरी तक-** यह सप्ताह विद्यार्थी वर्ग के लिये शुभदायक है। पढ़ाई में मन स्थिर रहेगा। स्पर्धा में कोई इनाम भी प्राप्त होगा। आप अपनी योग्यता और संघर्ष के आधार पर राजकीय क्षेत्र में उच्च पद प्राप्त कर सकते है। कहीं बाहर जा सकते हैं। व्यापारिक यात्रा लाभदायक साबित होगी।

**21 से 28 फरवरी तक-** सास-बहू में अनबन हो सकती है। मामूली-सी कहासुनी बड़े झगड़े का रूप ले लेगी सावधान रहे। आप **धार्मिक कार्यो** में रूची रखेंगे। **धनागमन** की संभावना है। आप दृढ़ संकल्प के सहारे श्रेष्ठ कार्यों को सम्पन्न करेंगे। आप रोजमर्रा के कार्यों में व्यस्त रहने के बावजूद अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर होंगे। आप बच्चों के साथ क्रोधित न होकर समझाने की कोशिश करेंगे तो अच्छा परिणाम प्राप्त होगा।

**शुभ तिथियां 02,06,08,26**



## मकर

**01 से 06 फरवरी तक-** इस सप्ताह बहुत अधिक परेशानी अनुभव करेंगे। यह वह समय है, जब आपको अपने और पराये में भेद महसूस होगा। पेट संबंधी शिकायत हो सकती है, प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों के लिये और अधिक परिश्रम करने की आवश्यकता है। पूरा ध्यान अपनी पढ़ाई तथा तैयारी पर लगाना उपयुक्त होगा। भवन निर्माण की प्रगति में अनेक बाधाये बनी रह सकती है।

**07 से 13 फरवरी तक-** सर्वलाभकारी दिवस रहेगा। पति-पत्नी के बीच मधुरता रहेगी। आय के दूसरे स्त्रोत के लिये कोशिश जारी रखेंगे। **पैतृक सम्पत्ति** का हिस्सा मिल सकता है। समय आपके प्रतिकूल है सावधानी पूर्वक रहें। **जगदम्बा रक्षा कवच** धारण करें। आप किसी समाज सेवा या गुरू सेवा में शामिल होंगे। मन में श्रद्धा व संतुष्टि का भाव विद्यमान रहेगा। **न्यौछावर ₹ 360**

**14 से 20 फरवरी तक-** आप धैर्य व शांतिपूर्वक अपना काम पूरा करेंगे। आपके विश्वास और तेजस्विता में वृद्धि होगी जिससे सामाजिक रिश्ते बेहतर बनेंगे। आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी। आप में आलस्यता हावी रहेगी। प्राणायाम अवश्य करें।

**21 से 28 फरवरी तक-** विद्यार्थी वर्ग अपना पूरा ध्यान पढ़ाई पर देंगे। परीक्षा की तैयारी के लिये अतिरिक्त समय निकालेंगे। व्यापार संबंधित यात्रा हो सकती है। किसी क्षेत्र में आपका निखार होगा। आप अपना सम्पर्क का दायरा बढ़ायेंगे। आप इस समय अपना रूख नरम रखें साथ ही अनावश्यक नोक-झोक, वाद-विवाद से दूर रहें या कम-से-कम अपनी बेकाबू जुबान और अहं को नियंत्रित करने की कोशिश करें अन्यता नुकसान होगा।

**शुभ तिथिया 02,18,25,26**



## कुंभ

**01 से 06 फरवरी तक-** आपके प्रयास सकारात्मक होंगे। आप जीवन के हर मोर्चे पर अपने को आगे खड़ा पायेंगे। उत्तम सम्पत्तिदायक दिवस रहेगा। जीवन साथी को कोई मन पसंद उपहार देंगे। व्यवसायिक साझेदारी के साथ गलतफहमी हो सकती है। समय सिद्धिदायक है।

**07 से 13 फरवरी तक-** पुराना अटका पड़ा काम इस समय पूर्ण होगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। समय पूर्ण रूप से अनुकूल रहेगा। आपको धन संबंधी मामलों में शानदार सफलता मिलेगी। आपकी व्यापार/नौकरी के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी शौक रहेगा। कुछ अच्छे कार्यों का अंजाम धन प्राप्ति या इनाम के रूप में प्राप्त होगा। आप पहले से कहीं अधिक अधिकार सम्पन्न होंगे। अनावश्यक चिंताओं से बचना चाहिये।

**14 से 20 फरवरी तक-** आप अपने खान-पान पर विशेष ध्यान दें अन्यथा आपके स्वास्थ्य पर इसका बहुत बुरा असर पड़ सकता है और आपका स्वास्थ्य दिनों दिन गिर सकता है। आप कहीं यात्रा पर जा सकते हैं। धन लाभ होगा। परिवार में अविवाहित युवा युवतियों के लिये विवाह सम्बन्धि चर्चा होगी। श्रेष्ठ जीवनसाथी हेतु **'शिव-गौरी विवाह प्राप्ति दीक्षा'** ग्रहण करें। **न्यौछावर ₹ 1500**

**21 से 28 फरवरी तक-** आध्यात्मिक जगत आपको आकर्षित करेगा। आप किसी गरीब और जरूरतमंद की मदद करेंगे जिससे मन में संतुष्टि व आनन्द की प्राप्ति होगी। समय आपका अनुकूल नहीं है। धन संबंधी मामलो पर जोर रहेगा। आप कानूनी पचड़े या मुकदमें में फंस सकते हैं। निकट लोंगो के साथ रिश्तों में खटास आ सकती है या संबंध टूट सकते हैं। आप **'पीताम्बरी दीक्षा'** ग्रहण करें, परिस्थिति पर नियंत्रण प्राप्त होगा। **न्यौछावर ₹ 1600**

**शुभ तिथियां 01,05,24,28**



## मीन

**01 से 06 फरवरी तक-** आप को अच्छे बुरे की पहचान सहजतः ही पता चल जायेगी। मौसम के अनुसार खान-पान करें स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा। हर कार्य में सफलता प्राप्ति होगी। धन संबंधी मामलों मे धोखा खा सकते हैं, सावधान रहें।

**07 से 13 फरवरी तक-**इस समय व्यापार मे कड़ी प्रतिस्पर्द्धा रहेगी। आप अपने व्यापार पर अगर गम्भीरता से ध्यान देंगे, तो लाभ का रास्ता खुलेगा। लोग आपकी मजबूरी का फायदा उठा सकते हैं। आप दूसरों पर ज्यादा भरोसा नहीं करें। इच्छित कार्य पूर्ण होगा। कोई अप्रिय समाचार प्राप्त हो सकता है।

**14 से 20 फरवरी तक-** यह सप्ताह संतान की शिक्षा, विवाह, कैरियर संबंधित कार्यो में बाधायें उत्पन्न करेगा, सामाजिक मान सम्मान में क्षति होगी, बेटी के ससुराल से तरह-तरह की शिकायतों से अनेक समस्या का जन्म होगा, संयम सावधानी से कार्य बरतें, सम्बन्ध और सामाजिक रिश्ते बेहतर बनाने का पूरा प्रयास करें, बेहतर होगा आप **'सावित्री सौभाग्य चैतन्य दीक्षा'** ग्रहण करें जिससे जीवन में अनुकूल स्थितियों का निर्माण होगा।

**न्यौछावर ₹ 1500**

**21 से 28 फरवरी तक-**नौकरी पेशा व्यक्तियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। नई संस्थाओं से जुड़ने के अवसर प्राप्त होंगे। मित्रों के साथ कहीं बाहर जाकर मौज मस्ती करने के लिये समय निकाल पायेंगे। कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। धनागमन का योग है। नौकरी में आपको महत्वपूर्ण कार्यभार सौंपा जा सकता है। अपनी जरूरत की चीजों की खरीददारी में खर्च करेंगे।

**शुभ तिथियां 01,21,23,27**